अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर
All India Institute of Medical Sciences, Bhubaneswar
(भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में एक सांविधिक निकाय)
(A Statutory Body under aegis of Ministry of H & F.W., Govt. of India)
सिजुआ, डाक: डुमुडुमा भुवनेश्वर -751019
Sijua, Post: Dumuduma, Bhubaneswar - 751 019

सं- एम्स/भुवनेश्वर/राजभाषा/वि.रा.का.स./637(क)/भाग-II/ 3366 — दिनांक :- 18.10.25

**विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की द्वितीय तिमाही बैठक की कार्यवृत्त**

*स्थान – निदेशक बोर्ड रूम, एम्स भुवनेश्वर*

*दिनांक :13/10/2025, अपराह्न, 03:30 बजे*

दिनांक –13/10/2025 को परम आदरणीय **कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक महोदय (प्रो.(डॉ) विकास भाटिया), अ.भा.आ.सं, भुवनेश्वर की अध्यक्षता** में अपराह्न 03:30 बजे निदेशक बोर्ड रुम, प्रथम तल, प्रशासनिक भवन, अ.भा.आ.सं भुवनेश्वर में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की द्वितीय तिमाही **(जुलाई-सितंबर 2025)** की बैठक आयोजित की गई।

सर्वप्रथम, इस बैठक का शुभारंभ सदस्य-सचिव द्वारा कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक व अध्यक्ष महोदय के स्वागत से किया गया। इसके बाद सदस्य-सचिव ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, (अ.भा.आ.सं) भुवनेश्वर के सदस्यों का स्वागत किया।

इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहें:-

| क्र. | वि.रा.का.स. के सदस्यगण | पदनाम | समिति में पदनाम |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो.(डॉ) विकास भाटिया | कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. (डॉ) दिलीप कुमार परिड़ा | चिकित्सा अधीक्षक, (प्रभारी) | उपाध्यक्ष |
| 3. | डॉ. मनीषा कर | प्रोफेसर (शरीर क्रिया विज्ञान) | सदस्य |
| 4. | डॉ गौरव छाबड़ा | अतिरिक्त प्रोफेसर,विकृति विज्ञान एवं प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग | सदस्य |
| 5. | डॉ रविकांत नारायण | सहायक प्रोफेसर, शरीर रचना विभाग | सदस्य |
| 6. | श्री रुद्र नारायण नायक | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री राज रंजन | कृते वरिष्ठ प्रोग्रामर (विश्लेषक) | सदस्य |
| 8. | श्री सुशांत परिड़ा | सहायक परीक्षा नियंत्रक, परीक्षा प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 9. | मो. सलीम गोलदार | प्रशासनिक अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री सुधीर कुमार प्रधान | सहायक प्रशासनिक अधिकारी, भर्ती प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 11. | श्री अनुपम मंडल | कृते सहायक प्रशासनिक अधिकारी, सामान्य प्रशासन | सदस्य |
| 12. | श्री विक्की वर्मा | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा अनुभाग | सदस्य |
| 13. | श्री बिक्की कुमार साव | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा अनुभाग | सदस्य |
| 14. | डॉ. इंद्रजीत सिंह | वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, राजभाषा अनुभाग | सदस्य - सचिव |

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य-सचिव ने बैठक की कार्रवाई को प्रारंभ किया। बैठक में निम्नलिखत मदों पर चर्चा की गई :-

**1. हिंदी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा** : तिमाही बैठक में सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही की राजभाषा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अध्यक्ष महोदय ने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रयास निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए।

**(कार्रवाई – सभी विभागाध्यक्ष)**

**2. हिंदी प्रोत्साहन योजना** : सदस्य-सचिव ने समिति को यह अवगत कराया कि अ.भा.आ.सं, भुवनेश्वर में गत वित्त वर्ष 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक हिंदी में कार्य करने के लिए हिंदी प्रोत्साहन योजना के तहत कुल 10 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नकद राशि एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। इस पर अध्यक्ष महोदय ने संतोष प्रकट किया।

**(कार्रवाई – राजभाषा अनुभाग)**

3. <u>हिंदी कार्यशाला</u> : सदस्य-सचिव ने समिति को यह अवगत कराया कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत हर तिमाही में एक कार्यशाला आयोजित करना अनिवार्य है। जुलाई-सितंबर 2025 (द्वितीय तिमाही) की हिंदी कार्यशाला दिनांक-23/08/2025 को आयोजित किया गया, जिसमें कुल 26 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण **श्री अमित कुमार साव (राजभाषा) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, भुवनेश्वर द्वारा दिया गया एवं सभी को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। श्री अमित कुमार साव** ने संस्थान के संकाय,अधिकारी/कर्मचारियों को राजभाषा नीति नियम, हिंदी में सरकारी कार्य करने हेतु प्रशिक्षण दिया। अध्यक्ष महोदय ने यह निर्देश दिए कि संकाय,अधिकारी/कर्मचारियों को कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षण देने के उपरांत उनसे प्रतिक्रिया भी लें एवं अधिक से अधिक कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाए।

**(कार्रवाई-राजभाषा अनुभाग एवं सभी विभागाध्यक्ष)**

4. <u>हिंदी पत्रिका</u> : सदस्य-सचिव द्वारा बैठक में यह अवगत कराया गया कि अर्द्ध-वार्षिक ई-हिंदी पत्रिका "आरोग्य सुधा" का सातवाँ संस्करण दिनांक-26/09/2025 को कार्यकारी निर्देशक महोदय द्वारा हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह के अवसर पर प्रकाशित किया गया। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने संतोष प्रकट करते हुए यह निर्देश दिए कि "आरोग्य सुधा में अ.भा.आ.सं, के विविध गतिविधियों को भी पत्रिका में शामिल किया जाए और इसके साज-सज्जा को और भी बेहतर बनाया जाएं ताकि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति में अ.भा.आ.सं की पत्रिका प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर सके।

**(कार्रवाई - राजभाषा अनुभाग)**

5. <u>अनुवाद कार्य</u> : सदस्य-सचिव ने समिति को यह अवगत कराया कि राजभाषा अनुभाग द्वारा विभिन्न अनुभागों से प्राप्त अंग्रेजी पत्रों को हिंदी में अनुवाद कर संबंधित अनुभागों को उपलब्ध कर दिया जाता है। साथ ही यह भी अवगत कराया कि अधिनियम 1963 के धारा 3 (3) में उल्लेखित दस्तावेजों को द्विभाषी किया जा रहा है इसके साथ-साथ विविध विभागों से प्राप्त अंग्रेजी दस्तावेजों को हिंदी में अनुवाद कर शीघ्र ही प्रेषित कर दिया जाता है। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने संतोष प्रकट करते हुए निर्देश दिए कि आईटी विभाग से संपर्क करके ई-एचआरएमएस को द्विभाषी किया जाए ताकि राजभाषा का प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक हो सके।

**(कार्रवाई - आईटी विभाग)**

6. <u>विविध विभागों द्वारा किए गए प्रयास</u> : सदस्य-सचिव ने समिति को यह अवगत कराया कि अ.भा.आ.सं,भुवनेश्वर में विभिन्न विभागों/अनुभागों द्वारा हिंदी में कार्य किए जा रहे हैं जो सराहनीय है। इसके साथ साथ यह भी अवगत कराया गया कि एम.एस.कार्यालय, आभा डेस्क, शरीर क्रिया विज्ञान विभाग, नर्सिंग महाविद्यालय, अस्पताल प्रशासन, एवं ई.एच.एस ओपीडी द्वारा द्विभाषी एवं त्रिभाषी नामपट्ट तैयार किए गये एवं अस्पताल प्रशासन द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का बैनर त्रिभाषी बनाया गया जो एक सराहनीय कदम है। इस पर अध्यक्ष महोदय ने संबंधित विभागों कि प्रशंसा करते हुए सभी विभागों को अपने नाम पट्ट अनिवार्य रूप से द्विभाषीय करने का आदेश दिए।

**(कार्रवाई - सभी विभागाध्यक्ष)**

7. <u>न.रा.का.स. गतिविधियां</u> : सदस्य-सचिव द्वारा बैठक में यह अवगत कराया गया कि दिनांक 22/08/2025 को नराकास द्वारा तृतीय अर्ध- वार्षिक बैठक आयोजित किया गया। नराकास द्वारा आयोजित सभी बैठको में सक्रिय रूप से भागीदारी हेतु विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों ने इस पर प्रशंसा व्यक्त किया, एवं अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए कि न.रा.का.स द्वारा आयोजित सभी बैठको में नियमित रूप से भाग लें।

**(कार्रवाई - राजभाषा अनुभाग)**

8. <u>राजभाषा सम्मेलन</u> : सदस्य-सचिव द्वारा बैठक में यह अवगत कराया गया कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक- 14 एवं 15 सितंबर 2025 को हिंदी दिवस तथा पांचवां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, महात्मा मंदिर कन्वेंशन, गांधी नगर, गुजरात में आयोजित किया गया, जिसमे हमारे संस्थान के दो अधिकारियों ने भाग लिया। इस पर अध्यक्ष महोदय ने संतोष प्रकट करते हुए यह निदेश दिए कि आगामी सभी कार्यक्रमों में भी राजभाषा अनुभाग के सभी अधिकारी सक्रिय रूप से भाग लें।

**(कार्रवाई - राजभाषा अनुभाग)**

9. <u>हिंदी पखवाड़ा- 2025</u> : सदस्य-सचिव ने समिति को यह अवगत कराया कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिशानिर्देशानुसार हिंदी पखवाड़ा-2025 का उद्घाटन समारोह महात्मा मंदिर कन्वेंशन, गांधी नगर, गुजरात में आयोजित किया गया जिसमे अ.भा.आ.सं,भुवनेश्वर से डॉ इंद्रजीत सिंह, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी एवं श्री बिक्की कुमार साव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने भाग लिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार हिंदी पखवाड़ा-2025 अ.भा.आ.सं, भुवनेश्वर में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं (निबंध लेखन, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण, प्रश्नोत्तरी (लिखित) प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता एवं गीत संध्या) आयोजित की गई जिसमें लगभग 700 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस पखवाड़े के दौरान संकायों/अधिकारियों/कर्मचारियों तथा उनके बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस पर अध्यक्ष महोदय ने संतोष प्रकट किया।

**(कार्रवाई - राजभाषा अनुभाग)**

10. <u>सदस्यों के सुझाव</u>: प्रो.(डॉ.) दिलीप कुमार परिड़ा, चिकित्सा अधीक्षक, (प्रभारी) महोदय ने कहा कि संस्थान में सभी संकाय /अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी मे रुचि बढ़ाने हेतु प्रति माह एक हिंदी चलचित्र का आयोजन किया जाये, जिससे सभी में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ेगी।

10.1: **<u>डॉ गौरव छाबडा,अतिरिक्त प्रोफेसर</u>** महोदय ने कहा कि संस्थान में अधिकारियों एव कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने हेतु अधिक से अधिक प्रशिक्षण दिया जाए ताकि भारत सरकार, गृह मंत्रालय ,राजभाषा विभाग द्वारा दी गए लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

**(कार्रवाई - राजभाषा अनुभाग)**

अध्यक्ष महोदय ने संस्थान में राजभाषा के प्रचार-प्रसार पर हो रही प्रगति पर संतोष प्रकट किया एवं समिति के सभी सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि संस्थान में राजभाषा प्रचार-प्रसार के लिए हर संभव प्रयास करते रहें एवं राजभाषा अनुभाग को आवश्यक सहयोग दें ताकि सामूहिक प्रयासों से हम निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर सकें।

अंत में, **श्री बिक्की कुमार साव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा अनुभाग** द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों का धन्यवाद किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से यह बैठक संपन्न की गई।

**(मो.सलीम गोलदार)**
**प्रशासनिक अधिकारी**
**एम्स, भुवनेश्वर**

<u>वितरण</u> –

1. कार्यकारी निदेशक महोदय के कृपया सूचनार्थ।
2. विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यगण के कृपया सूचनार्थ।
3. सभी विभागाध्यक्ष के कृपया सूचनार्थ।

<u>प्रतिलिपि</u> –

1. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) कोलकाता, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार।
2. राजभाषा अनुभाग (संबंधित फाइल)।